निर्वाचन साक्षरता क्लब

कोई मतदाता न छूटे

# निर्वाचन साक्षरता क्लब

'मैं जो सुनता हूँ, उसे भूल जाता हूँ। मैं जो देखता हूँ, उसे याद रखता हूँ। मैं जो करता हूँ, उसे ही समझ पाता हूँ।'

- कन्फ्यूशियस

'मुझे सिर्फ बताओगे तो मैं भूल जाऊँगा। मुझे सिखाओगे तो मैं याद रखूँगा। मुझे अपने साथ शामिल करोगे तो मैं सीख जाऊँगा।'

- बेंजामिन फ्रैंकलिन

# ई.एल.सी. क्या हैं ?

निर्वाचन साक्षरता क्लब (इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब – ई.एल.सी.) एक ऐसा मंच है जिसमें छात्रों को रोचक गतिविधियों और व्यवहारिक अनुभवों में संलग्न करते हुए उन्हें उनके चुनावी अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने व निर्वाचन के मूलभूत तत्वों जैसे मतदाता सूची में पंजीकरण और मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराया जायेगा।

ई.एल.सी. में सीखने की प्रक्रिया को अत्यंत मनोरंजक बनाया गया है। ई.एल.सी. आधारित क्रियाकलापों और खेलों को इस तरह से बनाया गया है कि वे छात्रों को सोचने व सवाल करने के लिए प्रोत्साहित करें।

ई.एल.सी. के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग का लक्ष्य युवा और भावी मतदाताओं के बीच चुनावी प्रक्रिया में सहभागिता की संस्कृति को मजबूत करना है।

## ई.एल.सी. के सदस्य कौन होंगे ?

- आपके विद्यालय के कक्षा 9 से 12 के छात्र ईएलसी के सदस्य होंगे।

## ई.एल.सी. के लिए मेरा स्कूल नामांकन कैसे कर सकता है ?

- स्कूल निम्नलिखित से संपर्क कर सकता है:
  - जिला कलेक्टर जो जिला निर्वाचन अधिकारी भी है (डीईओ)
  - निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ)

## ई.एल.सी. में हम क्या करेंगे ?

- ई.एल.सी. में आप निर्वाचन प्रक्रिया पर आधारित दिलचस्प और विचार-विमर्शकारी

खेलों का हिस्सा होंगे। इसमें लगभग 25 ऐसी गतिविधियाँ और 6 गेम हैं। इन सावधानीपूर्वक डिजाइन की गई गतिविधियों के माध्यम से, आपको विशिष्ट जानकारियाँ मिलेंगी जो आपको एक सशक्त मतदाता बनने में मदद करेंगी।

## ई.एल.सी. की गतिविधियों का संचालन कौन करेगा ?

- ई.एल.सी. में छात्रों को गतिविधियों का संचालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और इन गतिविधियों का मार्गदर्शन व समन्वय कक्षा के शिक्षक द्वारा किया जायेगा। छात्रों और शिक्षकों द्वारा ई.एल.सी. की प्रत्येक गतिविधि को संचालित करने के लिए 9, 10, 11 और 12 कक्षा के लिए एक रिसोर्स (संसाधन) गाइड को तैयार कर उपलब्ध कराया जायेगा।
- इन गतिविधियों और खेलों को आसानी से समझने के लिए इन्हें 4 अलग-अलग रिसोर्स गाइडों में विभाजित किया गया है जो की निम्नलिखित हैं:

  कक्षा 9 के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब रिसोर्स गाइड
  कक्षा 10 के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब रिसोर्स गाइड
  कक्षा 11 के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब रिसोर्स गाइड
  कक्षा 12 के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब रिसोर्स गाइड
  ई.एल.सी. सामान्य हैण्डबुक

## स्कूल को रिसोर्स (संसाधन) कैसे मिलेंगे ?

- ई.एल.सी. कार्यक्रम के लिए औपचारिक रूप से डीईओ व ईआरओ के साथ नामांकन करने वाले स्कूलों को सॉफ्ट और हार्ड कॉपी में ईएलसी रिसोर्स किट का एक सेट प्रदान किया जाएगा एवं **www.ecisveep.nic.in** से भी इन्हें आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। अभी रिसोर्स गाइड हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध हैं और जल्द ही इसे अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराया जायेगा।

# मैं क्या सीखूंगा ?

आप सीखेंगे कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव किस तरह कराये जाते है। चुनावी प्रक्रिया के बारे में आपके सामने आने वाले कब, कहां, कैसे और क्यों जैसे सवालों के जवाबों से आप अवगत हो जायेंगे। आप ईवीएम और वीवीपैट से परिचित हो जायेंगे। आपको इसके जरिये इलेक्टांनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरीफाईएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के बारे में पता चल जाएगा, जो मतदाताओं को कोई गलती किए बिना मतदान करने में सक्षम बनाते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि आपका वोट आपके वांछित उम्मीदवार तक पहुंच जाये।

ई.एल.सी. प्रत्येक मत के मूल्य को समझने के साथ मतदाता को डर, लालच और भय के बिना पूर्ण आत्मविश्वास के साथ अपने मत का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करता है। ई.एल.सी. सदस्य बनने वाले छात्रों को उनके 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के बाद मतदाता सूची में पंजीकरण की सुविधा भी प्रदान करेगा।



# प्रमुख ई.एल.सी. गतिविधियों पर एक दृष्टि

## निर्वाचित्र

निर्वाचित्र गतिविधि में एक मनोरंजक फिल्म 'मस्ती दोस्ती मतदान' या 'कहानी-स्क्रॉल' के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया की मुख्य अवधारणाओं को प्रस्तुत किया जायेगा, जैसे कि मतदाता बनने के लिए क्या योग्यता होनी चाहिए, मतदाता सूची में पंजीकरण कैसे करें, अपना वोट कैसे डाला जाए इत्यादि। निर्वाचित्र ई.एल.सी. की गतिविधियों में निर्धारित पहली गतिविधि है।

## मॉडल मतदान केन्द्र

यह चुनाव के दौरान संचालित की जाने वाली गतिविधियों का कृत्रिम रुपांतरण है जिसमें छात्र उम्मीदवारों, मतदान अधिकारियों और मतदाताओं की भूमिका निभाते हैं और पूरी चुनाव प्रक्रिया का संचालन करते हैं।

## अपना मतपत्र बनाएं

यह गतिविधि विशेष रूप से कक्षा 11 के छात्रों के लिए तैयार की गयी है। इस गतिविधि में छात्र प्रतिरूपी उम्मीदवारों तथा चुनाव चिन्हों का प्रयोग करते हुए अपना स्वयं का एक मतपत्र तैयार करेंगे एवं ईवीएम और वीवीपैट प्रणाली से परिचित होंगे।

## नोटा को जाने

यदि कोई मतदाता किसी भी राजनैतिक उम्मीदवार के पक्ष में मतदान नहीं करना चाहता है तो ऐसे में नोटा (इनमें से कोई नहीं) से अवगत कराने के लिए कक्षा 10 के छात्रों के लिए 'नोटा को जाने' गतिविधि को तैयार किया गया है।

# ई.एल.सी. में सौहार्दपूर्ण सक्रिय सहभागिता

ई.एल.सी. को माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों और कालेजों के साथ-साथ पूरे भारत में 10 लाख मतदान केन्द्रों में स्थापित किया जाना है। ईएलसी की सदस्यता निःशुल्क, समावेशी और स्वैच्छिक है। आप नीचे दिए गए प्रासंगिक श्रेणी के आधार पर ई.एल.सी. का हिस्सा बन सकते हैं –

- **विद्यालयों में ई.एल.सी.–** इस श्रेणी में कक्षा 9 से 12 के छात्र ई.एल.सी. सदस्य होंगे। ई.एल.सी. की गतिविधियों को प्रभावपूर्ण तरीके से संचालित करने हेतु प्रत्येक वर्ग के छात्रों के लिए सालाना केवल 3-5 घंटे की आवश्यकता होगी। विधालयों में संचालित होने वाले ई.एल.सी. के माध्यम से छात्रों को निर्वाचन प्रक्रिया की सभी मूलभूत अवधारणाओं से 4 वर्षों की अवधि के दौरान व्यवस्थित रुप से अवगत कराया जायेगा। इस तरह के लगभग 2 लाख ई.एल.सी. देश भर में स्थापित किए जाएंगे।

- **कॉलेजों में ई.एल.सी.–** इस श्रेणी में ई.एल.सी. को 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के नए और युवा मतदाताओं के लिए नियोजित किया गया है। कॉलेजों में ई.एल.सी. का प्रबंधन और संचालन छात्रों के स्तर पर ही सुनिश्चित किया जायेगा। इस तरह के लगभग 39 हजार ई.एल.सी. देश भर में स्थापित किए जाएंगे।


- **समुदायों में ई.एल.सी.–** औपचारिक शिक्षा प्रणाली से बाहर रहे युवाओं को ध्यान में रखते हुए चुनाव पाठशाला का गठन किया गया है। हालांकि चुनाव पाठशाला ऐसे 14-17 साल के बच्चों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, लेकिन सभी आयुवर्ग के सदस्यों को इसमें शामिल होने का प्रावधान किया गया है। पूरे देश में 10 लाख चुनाव पाठशालाओं को स्थापित किया जाना है।

- **संस्थाओं में ई.एल.सी.–** संस्थाओं में ई.एल.सी. मतदाता जागरूकता फोरम (वी.ए.एफ.) के नाम से संचालित होंगे और सभी सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के साथ-साथ निजी संस्थानों में भी स्थापित किए जाएंगे।

# क्लब की मूलभावना

लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की जागरूक एवं नैतिक सहभागिता को विकसित करना एक महत्वपूर्ण पहलू है। भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की
गुणवत्ता-पूर्ण सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए अपने फ्लैगशिप कार्यक्रम 'सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप)' के तहत विभिन्न गतिविधियों को संचालित करता है।

मतदाता शिक्षा को विद्यालयों, महाविद्यालयों और समुदायों में प्रचलित करने और मुख्यधारा में लाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग 'निर्वाचन साक्षरता क्लब' जैसी अपनी महत्वकांक्षी योजना पर कार्य कर रहा है। शीघ्र ही इसे पूरे देश में स्थापित कर दिया जाएगा।





# भारत निर्वाचन आयोग


निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001

**www.ecisveep.nic.in | www.nvsp.in**

हेल्पलाइनः 1950